1- मुख्य प्रशासक,
उत्तराखण्ड आवास एवं
नगर विकास प्राधिकरण, देहरादून।

2- उपाध्यक्ष,
हरिद्वार रूडकी विकास प्राधिकरण,
हरिद्वार।

3- उपाध्यक्ष/जिलाधिकारी,
जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण,
पौड़ी/टिहरी।

आवास अनुभाग-2 देहरादून, दिनांक 29 नवम्बर, 2017

विषयः मा0 राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा पारित आदेशों के क्रम में पर्वतीय क्षेत्र हेतु यथा ऋषिकेश से गंगा नदी के किनारे अपेक्षित रेग्यूलेशन पोलिसी, निर्माण कार्य हेतु गाईडलाईन्स एवं बाईलॉज निर्गत किये जाने विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रकरण के संबंध में सम्यक विचारोपरान्त लिये गये निर्णयानुसार मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मा0 राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा पारित आदेशों के क्रम में पर्वतीय क्षेत्र यथा ऋषिकेश से गंगा नदी के किनारे विकास/निर्माण निम्नलिखित प्रतिबन्धों के अधीन अनुमन्य किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान की जाती है:-

पर्वतीय क्षेत्र

(क) प्रतिबन्धित जोनः -

ट्रिब्यूनल द्वारा गंगा नदी के मध्य से 100 मीटर तक के क्षेत्र को प्रतिबन्धित जोन निर्धारित किया गया है। पर्वतीय भू-भाग की स्थलाकृति एवं नदी प्रवाह के दृष्टिगत इस क्षेत्र के प्रतिबन्धित क्षेत्र का निर्धारण निम्नानुसार निर्धारित किया जाता है :-

1- नदी के मध्य से 100 मीटर अथवा पच्चीस साल के अन्तराल के आधार पर (floods upto 25 year frequency) बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में से जो अधिक हो, के अनुसार प्रतिबन्धित जोन का निर्धारण किया जायेगा।

2- प्रतिबन्धित क्षेत्र में किसी भी प्रकार का नवनिर्माण अनुमन्य नहीं होगा एवं उक्त क्षेत्र में वृक्षारोपण/ तटबन्ध/नदी तटीय विकास/स्नानघाट निर्माण/बाढ़ प्रबन्धन कार्य/मार्ग/सेतु निर्माण व अन्य अवस्थापना सुविधाओं के विकास कार्य एवं तत्सम्बन्धी निर्माण आदि अनुमन्य होंगे। इस क्षेत्र में बाढ़, भूस्खलन, नदी कटान आदि आपदाओं की दृष्टि से स्थल के सुरक्षित होने की स्थिति में विद्यमान निर्माण की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार नियमानुसार अनुमन्य होगें तथा ऐसे निर्माणों का विस्तार अथवा किसी प्रकार का नव निर्माण अनुमन्य नहीं होगा। यदि इन

निर्माणों / परिसरों में समुचित ठोस अपशिष्ट निस्तारण व सीवेज ट्रीटमेंट व्यवस्था अनुपलब्ध हो तो यह व्यवस्था सुनिश्चित कराई जानी आवश्यक होगी।

3– इस क्षेत्र में Dump Sites/ Landfill Sites निषिद्ध होंगे।

नोट– उक्तानुसार परिभाषित प्रतिबन्धित जोन का निर्धारण उत्तराखण्ड बाढ मैदानी परिक्षेत्रण अधिनियम, 2012 के अधीन सिंचाई विभाग द्वारा किया जायेगा।

(ख) रेग्यूलेटरी जोनः –

उक्त प्रतिबन्धित क्षेत्र के पश्चात् अग्रेत्तर 200 मीटर तक का क्षेत्र रेग्यूलेटरी जोन अन्तर्गत परिभाषित होगा।

(1) इस क्षेत्र में समय–समय पर आहुत होने वाले धार्मिक मेलों हेतु अस्थायी निर्माण इस प्रतिबन्ध के साथ अनुमन्य होंगे कि उक्त गतिविधियों द्वारा उत्सर्जित होने वाला सीवेज व ठोस अपशिष्ट का समुचित प्रबन्धन होगा, जिसका परीक्षण उत्तराखण्ड पेयजल निगम से कराया जाना होगा।

(2) उक्त के अतिरिक्त जहॉ स्थल की ढाल 30 डिग्री से अनाधिक है, में संबंधित तकनीकी विभाग / भू–वैज्ञानिक की site stability report के आधार पर निर्माण / पुननिर्माण निर्धारित प्रतिबन्धों की सीमा तक अनुमन्य होगें।

(i) मठ, आश्रम एवं मन्दिर का निर्माण निम्न प्रतिबन्धों के साथ अनुमन्य होगा :–

(अ) भू–आच्छादन– 35 प्रतिशत,

(ब) तल क्षेत्र अनुपात (एफ0ए0आर0)– 0.70,

(स) भवन की अधिकतम ऊँचाई 6.5 मीटर अथवा दो मंजिल,

(द) प्रकरण में सीवेज निस्तारण की व्यवस्था उपलब्ध हो तथा इसको नदी एवं इसकी मुख्य धाराओं में अवमुक्त न किया जाये।

(ii) इस क्षेत्र में भवनों का निर्माण राज्य में प्रभावी भवन उपविधि के प्राविधानों के अनुसार अधिकतम 6.50 मीटर ऊँचाई व ढ़ालदार छत के रूप में इस प्रतिबन्ध के साथ अनुमन्य होगा कि ऐसे निर्माणों हेतु सीवेज निस्तारण की व्यवस्था अनिवार्य होगी तथा इसको नदी एवं इसकी मुख्य धारायें अवमुक्त नहीं किया जायेगा।

(iii) अवस्थापना एवं नदी तटीय विकास सम्बन्धी आवश्यक निर्माण एवं विकास कार्य अनुमन्य होगें।

(iv) इस क्षेत्र में Dump Sites निषिद्ध होंगे। / Solid Waste Management Rules-2016 के अनुसार Landfill Sites नदी तट से 100 मीटर तथा Flood Plain अन्तर्गत निषिद्ध होंगे।

नोट–उक्तानुसार परिभाषित रेग्युलेटरी जोन का निर्धारण उत्तराखण्ड बाढ़ मैदानी परिक्षेत्रण अधिनियम, 2012 के अधीन सिंचाई विभाग द्वारा किया जायेगा।

3– निर्माण अनुमन्य होने की स्थिति में High Flood Level से भवन का न्यूनतम प्लिन्थ लेवल 1.00 मीटर होगा।

4– क्षेत्र की सीवरेज ट्रीटमेंट/निस्तारण व्यवस्था के सम्बन्ध में उत्तराखण्ड पेयजल निगम से परीक्षण कर अनापत्ति प्राप्त की जानी आवश्यक होगी।

5– भवन निर्माण के अन्य प्राविधान राज्य में प्रभावी भवन निर्माण एवं विकास उपविधि/विनियम के अनुसार मान्य होगें।

2– गंगा नदी के किनारे निर्माण/प्रतिबन्ध से संबंधित पूर्व के समस्त षासनादेषों को भी तत्काल प्रभाव से अधिकमित किया जाता है।

भवदीय,

(अमित सिंह नेगी)
सचिव

संख्या 1995/V-2–2017–58(आ0)/2014–तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– अपर मुख्य सचिव, वन एवं पर्यावरण विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
2– प्रमुख सचिव, सिचाई विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
3– आयुक्त, गढवाल/कुमायूं मण्डल, पौडी/नैनीताल।
4– जिलाधिकारी, हरिद्वार/देहरादून।
5– मुख्य अभियन्ता, सिचाई विभाग, यमुना कालोनी, देहरादून।
6– महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, देहरादून।
7– सदस्य सचिव, उत्तराखण्ड पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, देहरादून।
8– गार्ड फाईल।

EE WRD Sh
upload kr.
7.12.17

आज्ञा से,

(प्रेम सिंह राणा)
अनु सचिव

Secretary संख्या–1743/V–2/58(आ0)14/2016

L.A.

प्रेषक,

आर0 मीनाक्षी सुन्दरम,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1– मुख्य प्रशासक
उत्तराखण्ड आवास एवं नगर विकास प्राधिकरण,
देहरादून।

2– उपाध्यक्ष,
हरिद्वार रूड़की विकास प्राधिकरण,
हरिद्वार।

3– मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक,
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग,
देहरादून।

Secy 21/12/2016

146
20-12-16

देहरादून, दिनांक 14 दिसम्बर, 2016

आवास अनुभाग–2

विषय– मा0 राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा पारित आदेशों के क्रम में मैदानी क्षेत्रों में गंगा एवं इसकी सहायक नदियों के किनारे अपेक्षित रेग्यूलेशन पोलिसी, निर्माण कार्य हेतु गाईडलाईन्स एवं बाईलॉज निर्गत किये जाने विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रकरण के संबंध में सम्यक विचारोपरान्त लिये गये निर्णयानुसार मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मा0 राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल में पारित आदेशों के क्रम में मैदानी क्षेत्रों में गंगा एवं इसकी सहायक नदियों के तटीय विकास/निर्माण निम्नलिखित प्रतिबन्धों के अधीन अनुमन्य किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान की जाती है:–

मैदानी क्षेत्र

(अ)– प्रतिबन्धित जोन– मा0 राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा गंगा नदी एवं इसकी सहायक नदियों के मध्य से 200 मीटर तक के क्षेत्र को प्रतिबन्धित जोन निर्धारित किया गया है। उक्त क्षेत्र में विशेष परिस्थिति में तटबन्ध/बाढ़ प्रबन्ध, वृक्षारोपण, घाट निर्माण व नदी तटीय विकास/निर्माण कार्य अनुमन्य होंगे।

नोट– उक्तानुसार परिभाषित प्रतिबन्धित जोन का निर्धारण सिंचाई विभाग द्वारा किया जायेगा।

(ब)– रेग्यूलेटरी जोन– मा0 राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा गंगा नदी एवं इसकी सहायक नदियों के मध्य से 200 मीटर से अग्रेत्तर 300 मीटर तक के क्षेत्र को रेग्यूलेटरी जोन निर्धारित किया गया है।

(1) नदी के तट से 30.0–30.0 मीटर तक का क्षेत्र अथवा ऐसे क्षेत्र, जो पच्चीस साल तक के अन्तराल के आधार पर (flood upto 25 year frequency) बाढ़ प्रभावित हों, में से जो भी अधिक होगा, में किसी भी प्रकार का निर्माण अनुमन्य नहीं होगा। रेग्यूलेटरी जोन वृक्षारोपण/पार्क/मैदान/कृषि आदि तत्संबंधी गतिविधियों हेतु आरक्षित होगा। इसके अतिरिक्त समय–समय पर आहुत होने वाले धार्मिक मेलों हेतु अस्थायी निर्माण इस प्रतिबन्ध के साथ अनुमन्य होंगे कि उक्त गतिविधियों द्वारा उत्सर्जित होने वाला जल–मल व ठोस अपशिष्ट का पूर्णतः समुचित प्रबन्धन मा0 राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा दिये गये निर्देशानुसार होगा तथा उक्त का परीक्षण उत्तराखण्ड पेयजल निगम से कराया जायेगा।

(2) उक्त के अतिरिक्त अवशेष रेग्यूलेटरी क्षेत्र में निम्न निर्माण/पुननिर्माण निर्धारित प्रतिबन्धों की सीमा तक अनुमन्य होगें:–

(i) मठ, आश्रम एवं मन्दिर का निर्माण निम्न प्रतिबन्धों के साथ अनुमन्य होगा:–

(अ) भू–आच्छादन–35 प्रतिशत,

(ब) तल क्षेत्र अनुपात (एफ0ए0आर0)–1.5,

(स) भवन की अधिक ऊँचाई 7.5 मीटर अथवा दो मंजिल,

क्रमशः पृष्ठ–2

(द) क्षेत्र में सीवरेज व्यवस्था हेतु मा0 राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार कार्यवाही उपरान्त प्रस्तावित निर्माण अनुमन्य किया जायेगा,

(ii) इस क्षेत्र में पूर्व से विद्यमान निर्माण, जो जीर्ण–क्षीर्ण अवस्था में है, की विद्यमान भू–आच्छादन एवं एफ0ए0आर0 की सीमा तक, परन्तु अधिकतम 7.50 मीटर ऊँचाई की सीमा तक पुननिर्माण इस प्रतिबन्ध के साथ अनुमन्य होगा कि क्षेत्र में सीवरेज व्यवस्था उपलब्ध हो।

नोट–

- निर्माण अनुमन्य होने की स्थिति में High Flood Level से भवन का न्यूनतम प्लिन्थ लेवल 1.00 मीटर होगा।
- क्षेत्र की सीवरेज व्यवस्था के संबंध में मा0 राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल के प्राविधानानुसार उत्तराखण्ड पेयजल निगम द्वारा अनापत्ति प्रमाण–पत्र दिया जायेगा।

(स)– स्कैप चैनल– सर्वानन्द घाट से शमशान घाट खड़खड़ी व हर की पैड़ी से होते हुये डामकोठी तक व डामकोठी के पश्चात सतीघाट कनखल होते हुये दक्ष मंदिर तक बहने वाले भाग को स्कैप चैनल माना जाता है। उक्त क्षेत्र में जल प्रवाह नियन्त्रित होने के फलस्वरूप बाढ़ से प्रभावित होने की सम्भावना नहीं है। अतः मात्र प्रदूषण के विषय पर नदी प्रदूषण को नियंत्रित करने हेतु इस क्षेत्र में निर्माण की अनुमति, स्थल पर सीवरेज की समुचित व्यवस्था प्राधिकरण स्तर से सुनिश्चित करवाते हुए दी जायेगी।

2– गंगा नदी के किनारे निर्माण/प्रतिबन्ध से सम्बन्धित पूर्व के समस्त शासनादेशों को भी तत्काल प्रभाव से अवकमित किया जाता है।

भवदीय,

(आर0 मीनाक्षी सुन्दरम)
सचिव

संख्या–1743/V–2/58(आ0)14/2016–तद्दिनांक ।

प्रतिलिपिः–

1– अपर मुख्य सचिव, वन एवं पर्यावरण विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
2– प्रमुख सचिव, सिंचाई विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
2– आयुक्त, गढवाल मण्डल, पौड़ी गढ़वाल।
3– जिलाधिकारी, हरिद्वार/देहरादून।
4– मुख्य अभियन्ता, सिंचाई विभाग, यमुना कालोनी, देहरादून।
5– महाप्रबंधक, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, देहरादून।
6– सदस्य सचिव, उत्तराखण्ड पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, देहरादून।
7– गार्ड फाईल।

(सुरेन्द्र सिंह रावत)
उप सचिव

खण्ड – 7

शुल्क – भवन मानचित्र स्वीकृति से संबंधित विभिन्न शुल्क/शमन शुल्क

संख्या– —/V–2/17(आ0)18/2018

प्रेषक,

नितेश कुमार झा,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन ।

सेवा में,

1– मुख्य प्रशासक,
उत्तरखण्ड आवास एवं नगर विकास,
प्राधिकरण, देहरादून।

2– उपाध्यक्ष,
विकास प्राधिकरण,
देहरादून/हरिद्वार।

3– उपाध्यक्ष,
समस्त जनपद स्तरीय विकास प्राधिकरण,
उत्तराखण्ड।

4– सचिव,
दूनघाटी विशेष क्षेत्र
विकास प्राधिकरण, देहरादून।

आवास अनुभाग–2

देहरादून, दिनांक / ० जुलाई, 2018

विषय– राज्य के विकास प्राधिकरणों में भवन मानचित्र से संबंधित विभिन्न शुल्कों के निर्धारण विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या–4697/V/श0वि0–आ0–2004–80(सा0)/2003, दिनांक 19.10.2004 के द्वारा प्राधिकरणों के लिए निर्धारित भवन मानचित्र से संबंधित विभिन्न शुल्कों का निर्धारण किया गया है। सम्प्रति राज्य में 12 जनपदीय स्तर विकास प्राधिकरण अधिसूचित होने के फलस्वरूप एवं निर्धारित शुल्कों का पुनर्निर्धारण किए जाने के उद्देश्य से सम्यक विचारोपरान्त लिए गये निर्णयानुसार उक्त संदर्भित शासनादेश दिनांक 19.10.2004 साथ संलग्नक परिशिष्ट को संशोधित करते हुए तद्नुसार संशोधित परिशिष्ट संलग्न कर इस आशय से आपको प्रेषित किया जा रहा है कि इस शासनादेश की जारी होने की तिथि से यह निर्धारित संशोधित शुल्क राज्य में समस्त विकास प्राधिकरणों में प्रभावी होंगे।

2– इस संबंध में मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि इस शासनादेश के साथ संलग्न परिशिष्ट के द्वारा निर्धारित मानचित्र शुल्क समस्त विकास प्राधिकरणों/समस्त विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरणों में समान रूप से लागू होंगे। किन्तु मसूरी क्षेत्र में पूर्व शासनादेश दिनांक 19.10.2004 द्वारा निर्धारित दरें ही लागू होगी।

3– उपरोक्तानुसार सभी स्तरों पर अनुपालन सुनिश्चित किये जाने हेतु कार्यवाही करने का कष्ट करें।

4– यह आदेश वित्त विभाग के अ0शा0 संख्या–294/XXVII(2)/2018, दिनांक 20.07.2018 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

संलग्नकः– यथोक्त।

(नितेश कुमार झा)
सचिव

संख्या– 297/V–2/06(आ0)2016/2018–तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– मण्डलायुक्त, कुमायूँ/गढवाल, नैनीताल/पौडी।
2– समस्त जिलाधिकारी उत्तराखण्ड।
3– मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, देहरादून।
4– गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(प्रेम सिंह राणा)
अनु सचिव

शासनादेश संख्या–297/V-2/17–(आ0)/2018 दिनांक 10 जुलाई, 2018 का संलग्नक

परिशिष्ट

	शासनादेश संख्या–4697/श0वि0–आ0–2004–80(सा0)/2003, दिनांक 19.10.2004 के अनुसार	प्रस्तावित		अन्य
		मैदानी विकास क्षेत्र	पर्वतीय विकास क्षेत्र	
	शासनादेश संख्या–4697/श0वि0–आ0–2004–80(सा0)/2003, दिनांक 19.10.2004 के अनुसार	प्रस्तावित		अन्य
		मैदानी क्षेत्रों में पूर्व में स्थित विकास प्राधिकरण एवं विनियमित क्षेत्र जो अब जिला स्तरीय विकास प्राधिकरणों के अधीन है	पर्वतीय क्षेत्रों में पूर्व में स्थित विकास प्राधिकरण एवं विनियमित क्षेत्र जो अब जिला स्तरीय विकास प्राधिकरणों के अधीन है	मैदानी क्षेत्र के स्तम्भ संख्या 2 के अतिरिक्त मैदानी क्षेत्र के शेष विकास क्षेत्र	पर्वतीय क्षेत्र के स्तम्भ संख्या 3 के अतिरिक्त पर्वतीय क्षेत्र के शेष विकास क्षेत्र
	(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1. मानचित्र आवेदन शुल्क					
i. आवासीय उपयोग					
(क) आवासीय भवन (भू–खण्ड क्षेत्रफल पर)					
100 वर्ग मी0 तक	रू0 100	रू0 100	रू0 100	रू0 100	रू0 100
101 से 200 तक	रू0 200	रू0 200	रू0 200	रू0 200	रू0 200
201 से 300 तक	रू0 300	रू0 300	रू0 300	रू0 300	रू0 300
300 से अधिक	रू0 2 प्रति वर्ग मी0 की दर से या उसके अंश पर जो भी अधिक हो।	रू0 2 प्रति वर्ग मी0 की दर से या उसके अंश पर जो भी अधिक हो।	रू0 2 प्रति वर्ग मी0 की दर से या उसके अंश पर जो भी अधिक हो।	रू0 2 प्रति वर्ग मी0 की दर से या उसके अंश पर जो भी अधिक हो।	रू0 2 प्रति वर्ग मी0 की दर से या उसके अंश पर जो भी अधिक हो।
(ख) आवासीय तलपट	रू0 5000	रू0 5000	रू0 5000	रू0 5000	रू0 5000
(ग) ग्रुप हाउसिंग/मनोरंजन/पर्यटन	रू0 3000	रू0 3000	रू0 3000	रू0 3000	रू0 3000
1.2 व्यवसायिक उपयोग/व्यवसायिक तलपट मानचित्र शुल्क	रू0 5000	रू0 5000	रू0 5000	रू0 5000	रू0 5000
1.3 धार्मिक एवं तत्सम्बन्धी उपयोग प्रयोजन के उपयोग	रू0 3000	रू0 3000	रू0 3000	रू0 3000	रू0 3000
1.4 कार्यालय/शैक्षिक/संस्थागत/तकनीकी संस्थान/आई0टी0/सामुदायिक उपयोग	रू0 3000	रू0 3000	रू0 3000	रू0 3000	रू0 3000
1.5 औद्योगिक उपयोग	रू0 3000	रू0 3000	रू0 3000	रू0 3000	रू0 3000
1.6 औद्योगिक तलपट मानचित्र आवेदन शुल्क	रू0 5000	रू0 5000	रू0 5000	रू0 5000	रू0 5000
1.7 यातायात एवं परिवहन उपयोग	रू0 500	रू0 500	रू0 500	रू0 500	रू0 500

1.8 मनोरंजन / पर्यटन उपयोग	रू0 3000	रू0 3000	रू0 3000	रू0 3000	रू0 3000	
2. सुधार एवं विकास शुल्क (भवन के समस्त तलों के आच्छादित क्षेत्र पर देय होगा)						
आवासीय भवन	रू0 75 / वर्ग मी0 रू0 55 / वर्ग मी0 रू0 35 / वर्ग मी0 रू0 75 / वर्ग मी0 मसूरी विकास क्षेत्र तथा अन्य विशेष क्षेत्रों में आधे दर तथा ग्रामीण क्षेत्र में रू0 25 / वर्ग मी0	रू0 100 / वर्ग मी0	रू0 60 / वर्ग मी0	रू0 60 / वर्ग मी0	रू0 30 / वर्ग मी0	
ग्रुप हाउसिंग	रू0 75 / वर्ग मी0	रू0 100 / वर्ग मी0	रू0 60 / वर्ग मी0	रू0 60 / वर्ग मी0	रू0 30 / वर्ग मी0	
व्यवसायिक भवन	रू0 200 / वर्ग मी0	रू0 250 / वर्ग मी0	रू0 150 / वर्ग मी0	रू0 150 / वर्ग मी0	रू0 100 / वर्ग मी0	
औद्योगिक भवन	रू0 100 / वर्ग मी0	रू0 100 / वर्ग मी0	रू0 70 / वर्ग मी0	रू0 70 / वर्ग मी0	रू0 40 / वर्ग मी0	
शैक्षिक / स्वास्थ्य / तकनीकी शिक्षा उपयोग के भवन	रू0 100 / वर्ग मी0	रू0 100 / वर्ग मी0	रू0 70 / वर्ग मी0	रू0 70 / वर्ग मी0	रू0 40 / वर्ग मी0	
कार्यालय / संस्थागत / धमार्थ / सांस्कृतिक भवन अन्य सामुदायिक उपयोग के भवन	रू0 100 / वर्ग मी0	रू0 100 / वर्ग मी0	रू0 70 / वर्ग मी0	रू0 70 / वर्ग मी0	रू0 40 / वर्ग मी0	
वेडिंग प्वाईन्ट / बेनक्वेट हॉल	रू0 200 / वर्ग मी0	रू0 150 / वर्ग मी0	रू0 100 / वर्ग मी0	रू0 100 / वर्ग मी0	रू0 50 / वर्ग मी0	
सूचना प्रौद्योगिकी उपयोग के भवन	रू0 75 / वर्ग मी0	रू0 75 / वर्ग मी0	रू0 75 / वर्ग मी0	रू0 75 / वर्ग मी0	रू0 75 / वर्ग मी0	
कृषि फार्म, कृषि कार्यकलाप भवन मुर्गी फार्म, मशरूम फार्म, सुअर पालन, मत्स्य पालन पार्क आदि सम्बन्धी भवन	रू0 200 / वर्ग मी0	रू0 200 / वर्ग मी0	रू0 150 / वर्ग मी0	रू0 150 / वर्ग मी0	रू0 100 / वर्ग मी0	
3. भू-उपयोग प्रमाण पत्र	न्यूनतम रू0 150 अथवा प्रति खसरा रू0 15 की दर से जो भी अधिक हो	न्यूनतम रू0 150 अथवा प्रति खसरा रू0 15 की दर से जो भी अधिक हो	न्यूनतम रू0 150 अथवा प्रति खसरा रू0 15 की दर से जो भी अधिक हो	न्यूनतम रू0 150 अथवा प्रति खसरा रू0 15 की दर से जो भी अधिक हो	न्यूनतम रू0 150 अथवा प्रति खसरा रू0 15 की दर से जो भी अधिक हो	
4. पत्रावली पुर्नस्थापना शुल्क						
आवासीय	मानचित्र शुल्क का 50%	मानचित्र शुल्क का 50%	मानचित्र शुल्क का 50%	मानचित्र शुल्क का 50%	मानचित्र शुल्क का 50%	
व्यवसायिक	मानचित्र शुल्क का 75%	मानचित्र शुल्क का 75%	मानचित्र शुल्क का 75%	मानचित्र शुल्क का 75%	मानचित्र शुल्क का 75%	

औद्योगिक	मानचित्र शुल्क का 50%	मानचित्र शुल्क का 50%	मानचित्र शुल्क का 50%	मानचित्र शुल्क का 50%	मानचित्र शुल्क का 50%	
अन्य	मानचित्र शुल्क का 30%	मानचित्र शुल्क का 30%	मानचित्र शुल्क का 30%	मानचित्र शुल्क का 30%	मानचित्र शुल्क का 30%	
5. प्रतिलिपि शुल्क	प्राधिकरण अभिलेख से निजी मानचित्र प्राप्ति के आवेदन करने पर प्रतिलिपि शुल्क के रूप में रू0 100 प्रति प्रतिलिपि की दर पर शुल्क देय होगा	मानचित्र की प्रतिलिपि रू0 200/प्रति तथा रू0 2/पृष्ठ की दर से	मानचित्र की प्रतिलिपि रू0 200/प्रति तथा रू0 2/पृष्ठ की दर से	मानचित्र की प्रतिलिपि रू0 200/प्रति तथा रू0 2/पृष्ठ की दर से	मानचित्र की प्रतिलिपि रू0 200/प्रति तथा रू0 2/पृष्ठ की दर से	

टिप्पणीः–

1. मैदानी क्षेत्रों के निर्मित/विकसित क्षेत्र में भू–उपविभाजन शुल्क 01 प्रतिशत में एवं अविकसित क्षेत्र में 05 प्रतिशत देय होगा तथा पर्वतीय क्षेत्र में मैदानी क्षेत्रों का 50 प्रतिशत देय होगा।
2. मैदानी क्षेत्रों में पर्यवेक्षण शुल्क रू0 05 प्रति वर्ग मीटर की दर से आच्छादित क्षेत्रफल पर तथा पर्वतीय क्षेत्र में रू0 05 प्रति वर्ग मीटर की दर से देय होगा।
3. मसूरी विकास क्षेत्र में शुल्कों की गणना शासनोदश संख्या–4697/श0वि0–आ0–2004–80(सा0)/2003, दिनांक 19.10.2004
4. उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त यदि अन्य शुल्क आवश्यक है तो सम्बन्धित बोर्ड से प्रस्ताव शासन को अनुमोदन हेतु प्रेषित किया जाएगा।
5. उपरोक्त शुल्कों में यदि स्थानीय परिस्थिति के अनुसार कोई परिवर्तन की आवश्यकता हो तो अपने बोर्ड से प्रस्ताव शासन को अनुमोदन हेतु प्रेषित किया जाएगा।
6. तालिका में वर्णित मैदानी/पर्वतीय क्षेत्र की परिभाषा प्रचलित भवन उपविधि में निर्धारित परिभाषा के अनुसार होगा।

संख्या – 40 /V-2–2019–83(आ0)/2018

प्रेषक,

नितेश कुमार झा,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1– मुख्य प्रशासक,
उत्तराखण्ड आवास एवं नगर
विकास प्राधिकरण, देहरादून।

2– उपाध्यक्ष,
विकास प्राधिकरण
देहरादून/हरिद्वार।

3– उपाध्यक्ष,
समस्त स्थानीय विकास प्राधिकरण
उत्तराखण्ड।

4– सचिव,
दूनघाटी विशेष क्षेत्र विकास
प्राधिकरण, देहरादून।

5– मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक,
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग
देहरादून।

आवास अनुभाग–2

देहरादून, दिनांक 10 जनवरी, 2019

विषयः प्रदेश में आवास विभाग के अन्तर्गत विभिन्न प्राधिकरणों में आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों के शमन शुल्क की दरों का पुनर्रीक्षण किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उत्तर प्रदेश शासन आवास अनुभाग–01 के शासनादेश संख्या–2281/9–आ0–1–96–डी0ए0/01 लखनऊ, दिनांक 22.6.1998 द्वारा मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (अपराधों का शमन) उपविधि 1998 प्रख्यापित करते हुए शमन शुल्कों के दरों का निर्धारण किया गया है। उक्त उपविधि प्राविधान एवं शमन की दरों को राज्य में अन्य प्राधिकरणों द्वारा बोर्ड की बैठकों के कम में अंगीकरण कर लिया गया था। सम्प्रतिउक्त शासनादेश में निर्धारित शमन शुल्क की दरों पर शासन स्तर पर सम्यक विचारोपरांत लिए गये निर्णयानुसार मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त उपविधि में आवासीय एवं गौर आवासीय भवनों के शमन शुल्क की दरों में दिनांक 01.04.2019 से निम्नवत् संशोधन किया जाता है –

क0	घटक	वर्तमान में लागू दरें			दिनांक 01.4.2019 से लागू दरें	
		आवासीय	व्यवसायिक	कार्यालय	एकल आवासीय	गैर आवासीय
1	अनुमन्य भू आच्छादन तल क्षेत्र समानुपात के अंतर्गत बिना अनुमति निर्माण करने पर	(1) 0 से 60 वर्ग मी0 प्लाट एरिया तक के भूखण्ड/भवनों पर शमन शुल्क सभी प्रकृति के निर्माण के लिए न्यूनतम 1000 रू	(1) 0 से 60 वर्ग मी0 प्लाट एरिया तक के भू खण्ड/भवनों पर शमन शुल्क सभी प्रकृति के निर्माण के लिए न्यूनतम 2000 रूपये	(1) 0 से 60 वर्ग मी0 प्लाट एरिया तक के भू खण्ड/भवनों पर शमन शुल्क सभी प्रकृति के निर्माण के लिए न्यूनतम 1500 रूपये	भूमि का प्रचलित सर्किल दर का 5 प्रतिशत	भूमि का प्रचलित सर्किल दर का 10 प्रतिशत
		(2) 60 से 112.50 वर्ग मी0 प्लाट एरिया तक के भू	(2) 60 से 112.50 वर्ग मी0 प्लाट एरिया तक के भू	(2) 60 से 112.50 वर्ग मी0 प्लाट एरिया तक के भू	भूमि का प्रचलित सर्किल दर का 7.5 प्रतिशत	भूमि का प्रचलित सर्किल दर का 12.50 प्रतिशत।

		खण्ड/भवनों पर शमन शुल्क सभी प्रकृति के निर्माण के लिए न्यूनतम 2000 रूपये	खण्ड/भवनों पर शमन शुल्क सभी प्रकृति के निर्माण के लिए न्यूनतम 4000 रूपये	खण्ड/भवनों पर शमन शुल्क सभी प्रकृति के निर्माण के लिए न्यूनतम 3000 रूपये		
		(3) उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य सभी प्रकृति के निर्माण के लिए न्यूनतम रू0 5000/— प्रत्येक 100 वर्ग मी0 तल क्षेत्र का उसके भाग पर	(3) उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य सभी प्रकृति के निर्माण के लिए न्यूनतम रू. 10000/— प्रत्येक 100 वर्ग मी0 तल क्षेत्र का उसके भाग पर	(3) उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य सभी प्रकृति के निर्माण के लिए न्यूनतम रू0 7500/— प्रत्येक 100 वर्ग मी0 तल क्षेत्र का उसके भाग पर	उपरोक्त के अतिरिक्त भूमि का प्रचलित सर्किल दर का 10 प्रतिशत	उपरोक्त के अतिरिक्त भूमि का प्रचलित सर्किल दर का 15 प्रतिशत
2	अग्र सैटबैक (front setback)	भूमि के मूल्य का 100 प्रतिशत तथा रूपये 200 प्रति वर्ग मी0 अतिरिक्त भू—आच्छादन पर	भूमि के मूल्य का 200 प्रतिशत तथा रूपये 400 प्रति वर्ग मी0 अतिरिक्त भू-आच्छादन पर	भूमि के मूल्य का 150 प्रतिशत तथा रूपये 300 प्रति वर्ग मी0 अतिरिक्त भू—आच्छादन पर	भूमि का प्रचलित सर्किल दर का 125 प्रतिशत तथा अतिरिक्त 200 प्रतिशत प्रत्येक तल पर	भूमि का प्रचलित सर्किल दर का 200 प्रतिशत तथा अतिरिक्त 300 प्रतिशत प्रत्येक तल पर
3	पीछे के सैट बैक पर (rear setback)	भूमि के मूल्य का 50 प्रतिशत तथा रूपये 200 प्रति वर्ग मी0 भू आच्छादन	भूमि के मूल्य का 100 प्रतिशत तथा रूपये 400 प्रति वर्ग मी0 भू आच्छादन	भूमि के मूल्य का 75 प्रतिशत तथा रू0 300 प्रति वर्ग मी0 भू—आच्छादन।	भूतल पर भूमि का प्रचलित सर्किल दर का 50 प्रतिशत तथा अतिरिक्त 50 प्रतिशत प्रत्येक तल पर	भूतल पर भूमि का प्रचलित सर्किल दर का 125 प्रतिशत तथा अतिरिक्त 100 प्रतिशत प्रत्येक तल पर।
4	पार्श्व सैट बैक पर (Side setback)	भूमि के मूल्य का 75 प्रतिशत तथा रू0 200 प्रति वर्ग मी0 अतिरिक्त भू—आच्छादन पर।	भूमि के मूल्य का 150 प्रतिशत तथा रू0 400 प्रति वर्ग मी0 अतिरिक्त भू-आच्छादन पर।	भूमि के मूल्य का 100 प्रतिशत तथा रू0 300 प्रति वर्ग मी0 अतिरिक्त भू—आच्छादन पर	भूतल पर भूमि का प्रचलित सर्किल दर का 100 प्रतिशत तथा अतिरिक्त 75 प्रतिशत प्रत्येक तल पर	भूतल पर भूमि का प्रचलित सर्किल दर का 200 प्रतिशत तथा अतिरिक्त 100 प्रतिशत प्रत्येक तल पर
5	यदि भवन की अन्तरिम ऊंचाई 10 प्रतिशत तक	क्षेत्रफल पर रू0 50 प्रति वर्ग मी0 की दर से।	क्षेत्रफल पर रू0 100 प्रति वर्ग मी0 की दर से	क्षेत्रफल पर रू0 75 प्रति वर्ग मी0 की दर से	भूमि का प्रचलित सर्किल दर का 5 प्रतिशत	भूमि का प्रचलित सर्किल दर का 10 प्रतिशत
6	अतिरिक्त भू—आच्छादन (Ground coverage)	रु 200 प्रति वर्ग मी0 भूमि के मूल्य का 50 प्रतिशत।	रु 200 प्रति वर्ग मी0 भूमि के मूल्य का 100 प्रतिशत	रु 200 प्रति वर्ग मी0 भूमि के मूल्य का 75 प्रतिशत	भूमि का प्रचलित सर्किल दर का 75 प्रतिशत अतिरिक्त एफ0ए0 आर0 पर	भूमि का प्रचलित सर्किल दर का 200 प्रतिशत अतिरिक्त एफ0ए0आर0
7	अनुमन्य भू—आच्छादन के अंतर्गत अतिरिक्त तल क्षेत्र समानुपात पर	रू0 200/— प्रति वर्ग मी0 तथा अतिरिक्त तल क्षेत्र के भूमि मूल्य का 50 प्रतिशत	रू0 400/— प्रति वर्ग मी0 तथा अतिरिक्त तल क्षेत्र के भूमि मूल्य का 50 प्रतिशत।	रू0 300/— प्रति वर्ग मी0 तथा अतिरिक्त तल क्षेत्र के भूमि मूल्य का 50 प्रतिशत	भूमि का प्रचलित सर्किल दर का 75 प्रतिशत।	भूमि का प्रचलित सर्किल दर का 150 प्रतिशत

2— उपरोक्त संशोधनों के अतिरिक्त शासनादेश संख्या—2281/9—आ0—1—96/6डी0ए0/01, दिनांक 22.6.2018 की शेष शर्ते एवं प्राविधान यथावत् लागू रहेंगे।

3— उपरोक्त पुनर्रीक्षित दरें 01 अप्रैल, 2019 से लागू होगी।

4— समस्त प्राधिकरण बोर्ड बैठक में उपरोक्त पुनर्रीक्षित दरें अंगीकृत करते हुए लागू करेंगे।

भवदीय,

(नितेश कुमार झा)
सचिव

संख्या— 70 /V-2/2019—83(आ0)/2018 तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1— अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड शासन।
2— सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तराखण्ड।
3— मुख्य प्रशासक, उत्तराखण्ड आवास एवं नगर विकास प्राधिकरण, देहरादून।
4— सचिव, वित्त विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
5— महालेखाकार, उत्तराखण्ड, देहरादून।
6— प्रमुख निजी सचिव, मा0 मंत्री, आवास विभाग, उत्तराखण्ड।
7— आयुक्त, गढवाल मण्डल/कुमायूँ मण्डल, पौड़ी/देहरादून।
8— समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
9— अपर आवास आयुक्त, उत्तराखण्ड आवास एवं विकास परिषद, देहरादून।
10— सचिव, विकास प्राधिकरण, देहरादून/हरिद्वार।
11— सचिव, समस्त जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, उत्तराखण्ड।
12— गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(सुनीलश्री पांथरी)
अपर सचिव

खण्ड – 8

एकबार समाधान योजना (OTS)

संख्या–1272/V-2/2019–83(आ0)/2018

प्रेषक,

सुनीलश्री पांथरी,
अपर सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1– मुख्य प्रशासक,
उत्तराखण्ड आवास एवं नगर विकास प्राधिकरण,
देहरादून।

2– उपाध्यक्ष,
समस्त विकास प्राधिकरण,
उत्तराखण्ड।

3– मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक,
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग
देहरादून।

आवास अनुभाग–2 देहरादून, दिनांक 13 सितम्बर, 2019

विषयः एकल आवास, व्यवसायिक भवनों, आवासीय भू–उपयोग में व्यवसायिक दुकान तथा आवासीय क्षेत्रों में नर्सिंग होम/क्लीनिक/ओ0पी0डी0/पैथोलोजी लैब/डाईग्नोस्टिक सेन्टर/चाइल्ड केयर/नर्सरी स्कूल कैच एवं प्ले ग्रुप को एक बार समाधान योजना के तहत शमन/विनियमितिकरण किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या–1152/V-2–2019–105(आ0)/2013 टी0सी0, दिनांक 27 अगस्त, 2019 एवं शासनादेश संख्या–1201/V-2–2019–105(आ0)/2013 टी0सी0, दिनांक 04 सितम्बर, 2019 के द्वारा एकल समाधान योजना (One time settlement) स्वीकृत की गयी थी। उक्त शमन योजना की अवधि शासनादेश निर्गत होने की तिथि से 03 माह तक निर्धारित की गयी थी। यथाआवश्यकता उक्त अवधि को विस्तारित किये जाने के आलोक में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त एकल समाधान योजना को 31 दिसम्बर, 2019 तक विस्तारित किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2– शमन शुल्क निर्धारण सम्बन्धी शासनादेश संख्या–40/V-2–2019–83 (आ0)/2018 टी0सी0, दिनांक 10 जनवरी, 2019 के द्वारा आवास विभाग के अन्तर्गत प्राधिकरणों में आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों के शमन शुल्क की दरों को दिनांक 01.04.2019 से पुनरीक्षित किया गया था। उक्त दरों के सम्बन्ध में मुझे पुनः यह कहने का निदेश हुआ है कि शमन की उक्त पुनरीक्षित दरें दिनांक 01.01.2020 से प्रभावी होंगी।

3– एकल समाधान योजना, शासनादेश संख्या–1152/V-2–2019–105(आ0)/2013 टी0सी0, दिनांक 27 अगस्त, 2019 एवं शासनादेश संख्या–1201/V-2–2019–105(आ0)/2013 टी0सी0, दिनांक 04 सितम्बर, 2019 के द्वारा लागू की गयी है। इस सम्बन्ध में मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि उक्त शमन योजना हेतु दिनांक 01.04.2019 से पूर्व की प्रभावी शमन की दरें अनुमन्य होंगी तथा एकल समाधान योजना के तहत दिनांक 01.04.2019 से प्रभावी पुनरीक्षित शमन की दरों के आधार पर जिन प्रकरणों में प्राधिकरण द्वारा शमन की कार्यवाही की गयी है, उक्त समस्त प्रकरणों में भी दिनांक 01.04.2019 से पूर्व प्रभावी शमन की दरें लागू होंगी और इस प्रकार जिनसे बढ़ी हुई दरों पर शमन शुल्क जमा करा दिया गया है, उनको बढ़ा हुआ शुल्क वापस (Refund) किया जायेगा।

4– शासनादेश संख्या–1152/V-2–2019–105(आ0)/2013 टी0सी0, दिनांक 27 अगस्त, 2019 एवं शासनादेश संख्या–1201/V-2–2019–105(आ0)/2013 टी0सी0, दिनांक 04 सितम्बर, 2019 में उपरोक्त प्रस्तर–1 में उल्लिखित संशोधनों के अतिरिक्त अन्य प्राविधान यथावत रहेंगें और शासनादेश संख्या–40/V-2–2019–83 (आ0)/2018 टी0सी0, दिनांक 10 जनवरी, 2019 में उक्त प्रस्तर–2 में उल्लिखित संशोधनों के अतिरिक्त अन्य प्राविधान यथावत रहेंगें।

उपरोक्त प्राविधान तत्काल प्रभाव से लागू होंगें।

भवदीय,

(सुनीलश्री पांथरी)
अपर सचिव

संख्या–1272/V-2/2019–105(आ0)/2013 टी0सी0, तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1– अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड शासन।
2– महालेखाकार, उत्तराखण्ड।
3– मुख्य प्रशासक, उत्तराखण्ड आवास एवं नगर विकास प्राधिकरण, देहरादून।
4– सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तराखण्ड।
5– सचिव, वित्त विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
6– प्रमुख निजी सचिव, मा0 मंत्री, आवास विभाग, उत्तराखण्ड को मा0 आवास मंत्री जी के अवलोकनार्थ प्रस्तुत करने हेतु।
7– आयुक्त, उत्तराखण्ड आवास एवं विकास परिषद, देहरादून।
8– आयुक्त, गढ़वाल गढवाल/कुमायूं मण्डल, पौड़ी/नैनीताल।
9– उपाध्यक्ष, समस्त विकास प्राधिकरण, उत्तराखण्ड।
10– समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
11– सचिव, विकास प्राधिकरण, देहरादून/हरिद्वार।
12– एन0आई0सी0/गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(प्रेम सिंह राणा)
अनु सचिव।

OTS

संख्या–1201/V– 2/105(आ0)13टी0सी0/2019

प्रेषक,

सुनीलश्री पांथरी,
अपर सचिव,
उत्तराखण्ड शासन ।

सेवा में,

1– मुख्य प्रशासक,
उत्तराखण्ड आवास एवं नगर
विकास प्राधिकरण, देहरादून।

2– उपाध्यक्ष,
समस्त विकास प्राधिकरण,
उत्तराखण्ड।

3– मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक,
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग,
देहरादून।

आवास अनुभाग–2 देहरादून : दिनांक 04 सितम्बर, 2019

विषय–एकल आवास, व्यवसायिक भवनों, आवासीय भू–उपयोग में व्यवसायिक दुकान तथा आवासीय क्षेत्रों में नर्सिंग होम/क्लीनिक/ओ0पी0डी0/पैथोलोजी लैब/डाईग्नोस्टिक सेन्टर/चाइल्ड केयर/नर्सरी स्कूल कैच एवं प्ले ग्रुप को एक बार समाधान योजना के तहत शमन/विनियमितिकरण किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि शासनादेश संख्या–1152/V-2/2019–105(आ0) 2013टी0सी0, दिनांक 27.08.2019 के द्वारा मूल अधिनियम उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 यथासंशोधित उत्तराखण्ड नगर एवं ग्राम नियोजन तथा विकास अधिनियम, 2013 की धारा–57 के प्राविधानान्तर्गत एकल समाधान योजना (One time settlement) के तहत शमन योजना लागू की गयी है।

2– सम्प्रति उक्त शासनादेश संख्या–1152/V-2/2019–105(आ0) 2013टी0सी0, दिनांक 27.08.2019 के प्रस्तर–3(4) में निम्नलिखित प्राविधान किये गये है:–

"ऐसे प्रस्ताव स्वीकृत आवासीय ले–आउट के अन्तर्गत अनुमन्य नहीं होंगे।"

3– इस संबंध में सम्यक विचारोपरान्त लिए गये निर्णयानुसार मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त संदर्भित शासनादेश दिनांक 27.08.2019 के प्रस्तर–3(4) में उपरोक्तानुसार उल्लिखित प्राविधान में **"नहीं"** शब्द को विलोपित किया जाता है। अतः, अब ऐसे प्रस्ताव स्वीकृत आवासीय ले–आउट के अन्तर्गत भी अनुमन्य होगें। शासनादेश संख्या–1152/V-2/2019–105(आ0) 2013टी0सी0, दिनांक 27.08.2019 को उक्त सीमा तक ही संशोधित समझा जाये। शासनादेश के शेष अन्य प्राविधान/शर्तें यथावत रहेगें।

भवदीय,

(सुनीलश्री पांथरी)
अपर सचिव

ATP/Smt. Sakshi (Shadi)
919

1976
09/09/19

संख्या–1201/V– 2/105(आ0)13टी0सी0/2019–तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड शासन।
2– महालेखाकार, उत्तराखण्ड।
3– सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तराखण्ड।
4– सचिव, वित्त विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
5– प्रमुख निजी सचिव, मा0 मंत्री, आवास विभाग, उत्तराखण्ड को मा0 आवास मंत्री जी के अवलोकनार्थ प्रस्तुत करने हेतु।
6– आवास आयुक्त, उत्तराखण्ड आवास एवं विकास परिषद, देहरादून।
7– आयुक्त, गढ़वाल मण्डल/कुमायूं मण्डल, पौड़ी/नैनीताल।
8– समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
9– सचिव, मसूरी देहरादून/हरिद्वार रूडकी विकास प्राधिकरण, देहरादून/हरिद्वार।
10– एन0आई0सी0/गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(प्रेम सिंह राणा)
अनु सचिव।

प्रेषक,

संख्या– 1152/V-2/2019–105(आ0)/2013 टी0सी0

सुनीलश्री पांथरी,
अपर सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1– मुख्य प्रशासक,
उत्तराखण्ड आवास एवं नगर विकास प्राधिकरण,
देहरादून।

2– उपाध्यक्ष,
समस्त विकास प्राधिकरण,
उत्तराखण्ड।

3– मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक,
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग
देहरादून।

आवास अनुभाग–2

देहरादून, दिनांक 27 अगस्त, 2019

विषयः एकल आवास, व्यवसायिक भवनों, आवासीय भू–उपयोग में व्यवसायिक दुकान तथा आवासीय क्षेत्रों में नर्सिंग होम/क्लीनिक/ओ0पी0डी0/पैथोलोजी लैब/डाईग्नोस्टिक सेन्टर/चाइल्ड केयर/नर्सरी स्कूल कैच एवं प्ले ग्रुप को एक बार समाधान योजना के तहत शमन/विनियमितिकरण किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या–41/V-2/2017–105(आ0)/2013 टी0सी0, दिनांक 15 जनवरी, 2019 को अवकमित करते हुए मूल अधिनियम उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973, यथासंशोधित उत्तराखण्ड नगर एवं ग्राम नियोजन तथा विकास अधिनियम, 2013 की धारा 57 के प्राविधानान्तर्गत एकल समाधान योजना (One time settlement) के अन्तर्गत शमन योजना लागू करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि निम्नलिखित निर्देशानुसार तत्काल प्रभाव से शमन की कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं –

1– एकल आवासीय एवं व्यवसायिक

क	मानक	एकल आवासीय	व्यवसायिक
1	पृष्ठ सेटबैक	40 प्रतिशत निर्माण 10 मी0 तक की ऊंचाई तक अनुमन्य होगा अर्थात् अतिरिक्त 03 मी0 ऊंचाई अनुमन्य होगी। 150 वर्गमीटर *तक के भूखण्ड में पृष्ठ सेटबैक 100 प्रतिशत शमनीय होगा।*	पूर्व प्राविधान के साथ अतिरिक्त 10 प्रतिशत।
2	पार्श्व सेटबैक	सेटबैक 1.20 मी0 कम होने पर शमन किया जायेगा।	पूर्व प्राविधान के साथ अतिरिक्त 10 प्रतिशत अनुमन्य।
3	फ्रंट सेटबैक	पूर्व प्राविधान के साथ अतिरिक्त 10 प्रतिशत जो की पट्टीनुमा रूप में निर्माण किया गया हो, अनुमन्य होगा।	पूर्व प्राविधान के साथ अतिरिक्त 10 प्रतिशत, जो कि पट्टीनुमा रूप में निर्माण किया गया हो, शमन किया जाना अनुमन्य होगा।
4	ग्राउण्ड कवरेज *(भू–आच्छादन)*	पूर्व प्राविधान के साथ अतिरिक्त 10 प्रतिशत अनुमन्य	पूर्व प्राविधान के साथ अतिरिक्त 10 प्रतिशत

			अनुमन्य।
5	एफ0ए0आर0	पूर्व प्राविधान के साथ अतिरिक्त 05 प्रतिशत। *Enclosed Staircase F.A.R में सम्मिलित नही होगी।*	पूर्व प्राविधान के साथ अतिरिक्त 05 प्रतिशत अनुमन्य।

** फ्रन्ट सेटबैक में यदि सीढी बनी है तो शमनीय होगी। साथ ही उपरोक्त 10 प्रतिशत शमनीय भाग के उपरान्त मात्र दीवार अशमनीय सीमा में शेष रहती है तो दीवार शमनीय होगी।*

(1) पार्किंग के प्रावधानों में भवन उपविधि के मानकों के सापेक्ष 50 प्रतिशत पार्किंग अनुमन्य कराना आवश्यक होगा तथा 50 प्रतिशत पार्किंग के एवज में आवेदक द्वारा सम्बन्धित प्राधिकरणों को शुल्क/दण्ड के रूप में धनराशि देय होगी। उक्त धनराशि वर्तमान सर्किल दरों के अनुरूप रहेगी। पर्वतीय क्षेत्र में भूखण्ड तक वाहनीय मार्ग उपलब्ध न होने पर पार्किंग की एवज में पार्किंग शुल्क देय होगा।

(2) यथा आवश्यक अग्नि शमन व स्ट्रक्चरल सेफ्टी के मानकानुसार अनापत्ति ली जानी आवश्यक होगी।

2—आवासीय/व्यवसायिक भू—उपयोग में व्यवसायिक दुकान/कार्यालय

क्र0	मानक		शासनादेश संख्या—41, दिनांक 15 जनवरी, 2019 के प्राविधान	संशोधित प्राविधान
1	न्यूनतम पहुंच मार्ग		6.0 मीटर	6.0 मीटर
2	न्यूनतम भूखण्ड क्षेत्रफल 125 वर्गमी0		15 वर्ग मी0 तथा अधिकतम 200.00 वर्ग मीटर	15 वर्ग मी0 तथा अधिकतम 200.00 वर्ग मीटर
3	सैटबैक	पृष्ठ सेटबैक	भवन उपविधि 2015 के अध्याय 5.2 में वर्णित प्राविधानानुसार (पूर्व स्वीकृत मानचित्र के अनुसार) एवं फ्रंट सेटबैक को छोड़कर अन्य सेटबैको में अनुमन्य से 10 प्रतिशत से अधिक तक	पूर्व प्राविधान के साथ अतिरिक्त 10 प्रतिशत। तथा 400 वर्ग मी0 तक के भूखण्डों में पृष्ठ सेटबैक 100 प्रतिशत शमनीय
		पार्श्व सेटबैक	—तदैव—	पूर्व प्राविधान के साथ अतिरिक्त 10 प्रतिशत अनुमन्य।
		फ्रंट सेटबैक	—तदैव—	पूर्व प्राविधान के साथ अतिरिक्त 10 प्रतिशत, जो कि पट्टीनुमा रूप में निर्माण किया गया हो, शमन किया जाना अनुमन्य होगा।
4	भू—आच्छादन		10 प्रतिशत तक शमनित किया जाना अनुमन्य	पूर्व प्राविधान के साथ अतिरिक्त 10 प्रतिशत अनुमन्य।
5	एफ0ए0आर0		एफ0ए0आर 10 प्रतिशत तक शमनित किया जाना अनुमन्य	पूर्व प्राविधान के साथ अतिरिक्त 05 प्रतिशत अनुमन्य।
6	पार्किंग		——	(1) 50.0 वर्ग मी0 तक के

			भूखण्ड क्षेत्रफल पर पार्किंग की अनिवार्यता नहीं होगी। (2) 50.0 वर्गमी0 तक से अधिक के भूखण्ड क्षेत्रफल पर पार्किंग नियमानुसार प्रचलित भवन उपविधियों के मानकों के सापेक्ष 50 प्रतिशत पार्किंग अनुमन्य कराना आवश्यक होगा तथा 50 प्रतिशत के एवज में सम्बन्धित प्राधिकरण को शुल्क/दण्ड के रूप में निर्धारित धनराशि देय होगी ।

** फ्रन्ट सेटबैक में यदि सीढ़ी बनी है तो शमनीय होगी। साथ ही उपरोक्त 10 प्रतिशत शमनीय भाग के उपरान्त मात्र दीवार अशमनीय सीमा में शेष रहती है तो दीवार शमनीय होगी।*

(1) ऐसे प्रस्ताव स्वीकृत आवासीय ले–आउट अन्तर्गत निर्माणों में अनुमन्य होंगे।

(2) ऐसे निर्माण केवल भूतल पर अथवा एक ही तल में केवल एक दुकान के लिए अनुमन्य होंगे।

(3) निर्मित क्षेत्र में निर्मित क्षेत्रों हेतु निर्धारित मानक प्रभावी होगे।

(4) अनुमन्य उपयोग–खाद्य सामग्री के विक्रय की दुकान, डाक्टर, वकील, वास्तुविद चार्टड एकाउटेंट, तकनीकी सेवा परामर्शदाता/कार्यालय, क्लीनिक आदि के कवर्ड क्षेत्रफल (50–75 वर्ग मीटर), डाक्टर क्लीनिक में Minor operation theatre व अधिक 02 बेड्स की अनुमन्यता, डेयरी/बेकरी सामग्री तैयार किए जाने की गतिविधि तथा प्रिंटिग प्रेस।

(5) निषिद्ध उपयोग–वाहन मरम्मत की दुकान/सर्विस स्टेशन/वर्कशाप/स्पेयर पार्ट्स के विक्रय केन्द्र, आटा चक्की/मांस–मदिरा की दुकान/भवन निर्माण सामग्री विक्रय केन्द्र अथवा निकटवर्ती आवासीय स्वरूप पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हो, अनुमन्य नहीं होंगे।

(6) अग्नि शमन विभाग व स्ट्रक्चरल सेफ्टी के मानकानुसार अनापत्ति ली जानी आवश्यक होगी।

3– आवासीय क्षेत्रों में नर्सिंग होम/क्लीनिक/ओ0पी0डी0/पैथालॉजीलैब/डाइग्नोस्टिक सेंटर/चाइल्ड केयर

कम0 सं0	नाम	मानक न्यूनतम भूखण्ड का क्षेत्रफल	मानक *न्यूनतम पहुंच मार्ग	मानक न्यूनतम पार्किंग	अन्य विवरण
1	क्लीनिक/ कलेक्शन सेंटर	50.00 वर्गमी0	6.0 मी0		–
2	लेबोरेट्री	100.00 वर्गमी0	7.5 मी0	100 वर्गमी0 तल क्षेत्रफल पर 01 ई0सी0एस0	–
3	लेबोरेट्री एवं डाइग्नोस्टिक	200.00 वर्गमी0	7.5 मी0	100 वर्गमी0 तल क्षेत्रफल पर 1.5 ई0सी0एस0	
4	नर्सिंग होम/ चाइल्ड केयर	450.00 वर्गमी0	9.0 मी0	प्रत्येक 100 वर्गमी0 तल क्षेत्रफल पर 1.5 ई0सी0एस0	20 बेड तक
5	(1) हॉस्पिटल	1000.00 वर्गमी0	9.0 मी0	प्रत्येक 100 वर्गमी0 तल क्षेत्रफल पर 1.5 ई0सी0एस0	50 बेड तक

	(2) हॉस्पिटल	2000.00 वर्गमी0	12.0 मी0	प्रत्येक 100 वर्गमी0 तल क्षेत्रफल पर 1.5 ई0सी0एस0	100 बेड तक
	(3) हॉस्पिटल	5000.00 वर्गमी0	15.0 मी0	प्रत्येक 100 वर्गमी0 तल क्षेत्रफल पर 1.5 ई0सी0एस0	200 बेड तक

* यदि स्थल को दो पृथक–पृथक न्यूनतम 4.50 मी0 through मार्गो से पहुंच उपलब्ध होती है तो उन दोनों मार्गो के योग के 80 प्रतिशत को, पहुंच मार्ग मानक की प्रतिपूर्ति हेतु आंकलित किया जा सकता है।

(1) उपरोक्त बायलॉज दिनांक 01–12–2018 से पूर्व संचालित नर्सिंग होम/ क्लीनिक /ओ0पी0डी0/पैथालाजी लैब/डाइग्नोस्टिक सेंटर/चाइल्ड केयर के शमन के लिए लागू होंगे।

(2) भवन के सैट बैक–भवन उपविधि 2015 के अध्याय 5.2 में वर्णित प्राविधानों के अनुसार पूर्व स्वीकृत मानचित्र के सैटबैक अनुमन्य होंगे एवं यदि निर्माण बिना भवन मानचित्र स्वीकृति के निर्मित है तो भूखण्ड क्षेत्रफल के अनुसार आवासीय उपयोग के सैटबैक अनुमन्य होंगे।

(3) फ्रंट सैटबैक को छोड़ते हुए अन्य सैटबेकों में मानचित्र में स्वीकृत सैटबैक के क्षेत्रफल का 10 प्रतिशत भाग तक अधिक शमनीय होगा।

(4) ऐसे प्रस्ताव स्वीकृत आवासीय ले–आउट अन्तर्गत अनुमन्य नहीं होंगे।

(5) 1000.00 वर्ग मीटर से अधिक भूखण्ड पर निर्मित अस्पतालों का शमन अन्य मानक पूर्ण होने पर अनुकूल भू–उपयोग के अन्तर्गत किया जायेगा।

(6) अग्नि शमन विभाग एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (PCB) की अनापत्ति एवं स्ट्रक्चरल सेफ्टी का *अनापत्ति/डिजाइन एंव गणना* आवश्यक होगी।

(7) किस वर्ष से नर्सिंग होम संचालित हैं, इसके लिए निम्न में किसी एक अभिलेखों के अनुसार निर्माण वर्ष की पुष्टि की जायेगी।
(क) आई0टी0आर। (ख) बिजली/पानी का कामर्शियल बिल। (ग) नगर निगम का एसेसमेंट। (घ) Clinical Establishment Act के अन्तर्गत रजिस्ट्रेशन।

(8) निर्धारित मानकों के अनुसार पार्किंग व्यवस्था होगी।

(9) स्थल पर पार्किंग व्यवस्था उपलब्ध न होने की दशा में 200.00 मीटर की परिधि के क्षेत्र में अतिरिक्त रूप से पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी, यदि उक्त व्यवस्था के अनुसार पार्किंग की व्यवस्था नहीं हो पा रही है, तो 50 प्रतिशत पार्किंग अनुमन्य कराया जाना आवश्यक होगा तथा 50 प्रतिशत पार्किंग के एवज में सम्बन्धित प्राधिकरण को शुल्क दण्ड के रूप में निर्धारित धनराशि देय होगी।

4– नर्सरी स्कूल, क्रेच एवं प्ले ग्रुप स्कूल

क्रसं0	मानक	प्राविधान
1	न्यूनतम भूखण्ड क्षेत्रफल	300.00 वर्ग मीटर
2	न्यूनतम पहुंच मार्ग	7.50 मीटर
3	सेटबैक	भवन उपविधि 2015 के अध्याय 5.2 में वर्णित प्राविधानों के अनुसार अथवा पूर्व स्वीकृत मानचित्र के सैटबैक अनुमन्य होंगे।

		यदि निर्माण बिना भवन मानचित्र स्वीकृति के निर्मित है तो वर्तमान अनुमन्य भू–उपयोग के अनुसार व भूखण्ड क्षेत्रफल के अनुसार सैटबैक अनुमन्य होंगे।
4	भू–आच्छादन	50 प्रतिशत
5	पार्किंग	भवन उपविधि के अनुसार 50 प्रतिशत पार्किंग अनुमन्य करानी होगी तथा 50 प्रतिशत पार्किंग के एवज में सम्बन्धित प्राधिकरण को शुल्क/दण्ड में रूप में निर्धारित धनराशि देय होगी।

(1) *अग्निशमन विभाग के अनापत्ति प्रमाण पत्र तथा स्ट्रक्चरल सेफ्टी के अनुसार भवन डिजाइन आवश्यक होगा।*

(2) *उपरोक्त बायलॉज दिनांक 01–12–2018 से पूर्व संचालित नर्सरी स्कूल, क्रैच एवं प्ले ग्रुप स्कूल के लिए लागू होंगे।*

(3) *उक्त के* अतिरिक्त 7.5 मी0 चौड़ी सड़कों पर स्थित इण्टरमीडिएट विद्यालयों तक का भी शमन किया जा सकेगा।

5– <u>अन्य प्राविधान –</u>

(1) उपरोक्त योजना के अन्तर्गत आवासीय मामले में शासनादेश निर्गत होने की तिथि से 03 माह के भीतर कम्पाउण्डिंग हेतु मानचित्र सम्बन्धित प्राधिकरण में जमा करना आवश्यक होगा। मानचित्र के साथ–साथ स्वमूल्यांकन कम्पाउण्डिग धनराशि का 50 प्रतिशत धनराशि जमा करना आवश्यक होगा। किन्तु आवेदक द्वारा स्वमूल्यांकन की 50 प्रतिशत धनराशि, वास्तविक मूल्यांकन के 10 प्रतिशत से अधिक विचलन होने पर उक्त विचलन वाली धनराशि पर 10 प्रतिशत साधारण ब्याज भी देय होगा। यदि कम्पाउण्ड की धनराशि 05 लाख से कम हो तो रू0 5000 की धनराशि आवेदन शुल्क के रूप में देय होगी। यदि कम्पाउण्ड की धनराशि 5.00 लाख से अधिक हो तो रू0 10.00 हजार की धनराशि आवेदन शुल्क के रूप में देय होगी। आवेदन शुल्क के रूप में दी गयी धनराशि non-refundable होगी।

